This question paper contains 8 printed pages]

**Roll No.** | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **513**

Unique Paper Code : **241106**

**E**

Name of the Paper : **CH-1.4 Business Laws**

Name of the Course : **B.Com. (Hons.)**

Semester : **I**

Duration : **3 Hours**

Maximum Marks : **75**

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**Note :** Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी :** इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *All* questions.

*All* questions carry equal marks.

**सभी** प्रश्न कीजिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. (*a*) "Insufficiency of consideration is immaterial, but an agreement without consideration is void." Comment. 7

"प्रतिफल की अपर्याप्तता तत्त्वहीन है किंतु प्रतिफल के बिना करार शून्य है।" टिप्पणी कीजिए।

P.T.O.

(*b*) (*i*) A agrees in consideration of Rs. 1,00,000 from B to kill C. B borrows this amount from D who knowingly lends money to B. Can D recover this amount from B ? Discuss.

C को मारने के लिए B से 1,00,000 रु. के प्रतिफल पर A राज़ी हो जाता है। B यह राशि D से उधार लेता है जो B को यह राशि जानते-बूझते उधार देता है। क्या D यह राशि B से प्रत्युद्धरित कर सकता है ? विवेचन कीजिए।

(*ii*) A made an offer to B for selling 50 cycles @ Rs. 1000 per cycle and prescribes one month for acceptance. B fails to accept the offer within the stipulated time. If B gives his acceptance after one month, whether this acceptance is valid or not ? 4+4

A ने 1000 रु. प्रति साइकिल की दर से 50 साइकिलें बेचने के लिए B के समक्ष प्रस्ताव रखा और स्वीकृति के लिए एक महीने का समय विहित किया। B नियत समय के भीतर स्वीकृति देने में असमर्थ रहता है। यदि B एक महीने के बाद स्वीकृति देता है, तो क्या वह स्वीकृति विधिमान्य है अथवा नहीं ?

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) State the rules governing the assessment of damages for breach of contract. 7

संविदा भंग के लिए नुकसानी के आकलन के संबंध में नियमों का उल्लेख कीजिए।

(*b*) (*i*) P offered to sell a farm to Q for Rs. 1,00,000. But, Q made a counter offer to buy it for Rs. 95,000. P refuses to sell it for Rs. 95,000. Subsequently, Q offered to purchase the farm for Rs. 1,00,000. Is there any contract between P and Q ? Explain.

P ने 1,00,000 रु. में फार्म बेचने का प्रस्ताव Q के समक्ष रखा किंतु Q ने 95,000 रु. में उसे खरीद लेने का प्रतिप्रस्ताव रखा। P इसे 95,000 रु. में बेचने से इन्कार कर देता है। तदनंतर Q ने 1,00,000 रु. में फार्म खरीदने का प्रस्ताव रखा। क्या P और Q के बीच कोई संविदा है ? स्पष्ट कीजिए।

(*ii*) P, a minor, advanced certain sum of money to Q. Q executed a mortgage of his immovable property in favour of P, as a security of money advanced to him. Can the mortgage be enforced by P in this case ? Explain. 4+4

एक अवयस्क P ने Q को कुछ अग्रिम राशि दी। प्रतिभूति के रूप में अग्रमि राशि प्राप्ति पर Q ने P के पक्ष में अपनी स्थावर संपत्ति बंधक कर दी। क्या इस विषय में P द्वारा बंधक प्रवर्तित किया जा सकता है ? स्पष्ट कीजिए।

2. (*a*) Define the term 'Goods' under the 'Sale of Goods Act.' Distinguish between 'Specific' and 'Unascertained goods'. 7

'माल विक्रय अधिनियम' के तहत 'माल' पद की परिभाषा बताइए। 'विनिर्दिष्ट' और 'अनभिनिश्चित' माल में विभेद कीजिए।

(*b*) (*i*) A person bought milk from a dairy owner. The milk was contaminated with germs of typhoid fever. The buyer's wife took the milk and got infection of typhoid and died of it. Can the buyer claim damages from the dairy owner ? Discuss.

एक व्यक्ति ने डेयरी मालिक से दूध खरीदा। दूध टायफाइड बुखार के कीटाणुओं से संक्रमित था। क्रेता की पत्नी ने दूध पिया, उसे टायफाइड का इन्फेक्शन हो गया और उसकी मृत्यु हो गई। क्या क्रेता, डेयरी मालिक से नुकसानी का दावा कर सकता है ? विवेचन कीजिए।

(*ii*) There was a sale of a jeep for Rs. 10,000 out of which Rs. 2,000 was paid by the buyer immediately, and the balance Rs. 8,000 was to be paid at the time of registration of the vehicle. It was also agreed that the property in the vehicle would pass to the buyer after payment of the entire amount. Before the payment of the balance price, there was an accident. Who will bear the loss ? Explain with reasons.

4+4

एक जीप की बिक्री 10,000 रु. में हुई जिसमें से क्रेता ने 2,000 रु. तत्काल दे दिए और 8,000 रु. वाहन के रजिस्ट्रीकरण के समय दिए जाने थे। यह भी सहमति हुई कि वाहन की संपत्ति संपूर्ण राशि की अदायगी के बाद क्रेता को दी जाएगी। शेष कीमत की अदायगी से पहले एक दुर्घटना घट गई। कौन हानि उठाएगा ? कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) Explain the necessary conditions for exercising the right of lien and right of stoppage in transit by unpaid seller under Sale of Goods Act. 7

माल विक्रय अधिनियम के तहत असंदत्त विक्रेता द्वारा धारणाधिकार और अभिवहन में रोकने के अधिकार का प्रयोग करने की आवश्यक शर्तों को स्पष्ट कीजिए।

(*b*) (*i*) A delivered a car to B, a mercantile agent to sell it for a price above Rs. 60,000. B sold it to C for Rs. 50,000. Can A take back the car from C who has no knowledge of the transaction by A. Explain with reasons.

A ने एक वाणिज्यिक अभिकर्त्ता B को 60,000 रु. से अधिक की कीमत पर कार बेचने के लिए दी। B ने उसे C को 50,000 रु. में बेच दिया। क्या A, C से कार को वापस ले सकता है जबकि C को A के संव्यवहार की कोई जानकारी नहीं है। कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

(*ii*) A purchased a ring from B by fraud. Before rescinding the contract by B, A sells the ring to C, who buys in good faith and without notice of the A's defect of title. Will C get a good title ? Explain with reasons. 4+4

A ने कपट से B से एक अँगूठी खरीदी। B द्वारा संविदा को विखंडित करने से पहले, A ने C को अँगूठी बेच दी जिसने सद्भाव में उसे A के हक की त्रुटि पर ध्यान दिए बिना खरीद लिया। क्या C को वैध हक मिलेगा ? कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

3. (*a*) Who can be appointed as designated partner in a LLP ? Also briefly discuss the procedure of his appointment. 7

किसे LLP में नामनिर्दिष्ट (अभिहित) भागीदार के तौर पर नियुक्त किया जा सकता है ? उसकी नियुक्ति की प्रक्रिया का संक्षिप्त विवेचन भी कीजिए।

(*b*) "A LLP is a legal person distinct from its members taken individually or collectively." Comment. 8

"LLP व्यक्तिगत अथवा सामूहिक तौर पर लिए गए अपने सदस्यों से सुभिन्न विधिक व्यक्ति होता है।" टिप्पणी कीजिए।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) Write a note on Annual Return of LLP. 7

LLP की वार्षिक विवरणी पर टिप्पणी लिखिए।

(*b*) "The Tribunal can wind up the LLP on just and equitable grounds." Explain. 8

" अधिकरण LLP को न्यायसंगत तथा साम्यापूर्ण आधारों पर परिसमाप्त कर सकता है।" स्पष्ट कीजिए।

4. (*a*) Explain the meaning and creation of digital signature. Enumerate the circumstances in which a digital signature certificate may be revoked. 7

डिजिटल हस्ताक्षर के अर्थ और सृजन को स्पष्ट कीजिए। उन परिस्थितियों को गिनाइए जिनमें डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्रतिसंहत किया जा सकता है।

(*b*) Describe the term 'Subscriber''. Explain the duties of a subscriber under the IT Act, 2000. 8

'अभिदाता' पद का वर्णन कीजिए। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत 'अभिदाता' के कर्त्तव्यों को स्पष्ट कीजिए।

*Or*

**(अथवा)**

(*a*) What do you mean by "Cyber terrorism" as under the IT Act, 2000. 7

आप IT अधिनियम, 2000 के तहत 'साइबर आतंकवाद' से क्या समझते हैं ?

(*b*) What is "Cyber Appellate Tribunal" ? Explain its working as per IT Act, 2000. 8

'साइबर अपील अधिकरण क्या है ? सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अनुसार उसकी क्रियाविधि को स्पष्ट कीजिए।

5. Write short notes on any *two* of the following : 2×7½=15

(*a*) Wagering agreements

(*b*) Quasi-contracts

(*c*) Irrevocable agency.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) सपण करार

(ख) संविदा कल्प

(ग) अप्रतिसंहरणीय अभिकरण।

*Or*

**(अथवा)**

Distinguish between the following (any *two*) : 2×7½=15

(*a*) Coercion and undue influence

(*b*) Indemnity and guarantee

(*c*) Void agreement and illegal agreement.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में विभेद कीजिए :

(क) प्रपीड़न और असम्यक् असर

(ख) क्षतिपूर्ति और गारंटी

(ग) शून्य करार और अवैध करार।